


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 23 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 155 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# बड़ा हादसा टला

## 150 यात्रियों को लेकर जा रहे स्पाइसजेट विमान के इंजन में लगी आग

● मुसाफिरों की अटकी सांस, चालक दल ने दिल्ली में करायी इमरजेंसी लैंडिंग




**नई दिल्ली।** चतरा में हुए भयानक विमान हादसे को अभी ठीक से 24 घंटे भी नहीं गुजरे थे कि फिर एक बड़ा विमान हादसा होने से बच गया। जान्‌कारी के अनुसार स्पाइसजेट का एक विमान 150 यात्रियों को लेकर हवा में उड़ान भर था कि ऐन उसी वक्त उसके एक इंजन में आग लग गयी। गनीमत रही कि वक्त रहते चालक को इंजन में लगी आग की भनक मिल गयी और उसने लेह जाने के बजाय दिल्ली में ही प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग करायी तब जाकर यात्रियों की अटकी सांस फिर से बहाल हो सकी। बताया जाता है कि इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह लेह के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के एक विमान को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। विमान के इंजन में आई खराबी के बाद पायलट ने एहतियात बरतते हुए विमान को सुरक्षित दिल्ली में लैंड कराया। बोइंग 737 मॉडल के इस विमान के इंजन में चि-ंगारी देखे जाने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। प्रवक्ता के अनुसार, आपात लैंडिंग से पहले कॉकपिट में आग लगने की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे। स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-121 ने मंगलवार सुबह दिल्ली से लेह के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही विमान के इंजन में कुछ तकनीकी समस्या महसूस की गई। पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी और विमान को वापस दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया। एटीसी की अनुमति के बाद विमान एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतरा और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि तकनीकी समस्या के कारण विमान को एहतियाती तौर पर वापस लाया गया था। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। विमानों के परिचालन पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के मुताबिक उड़ान को मंगलवार सुबह 5:55 बजे दिल्ली से लेह रवाना होना था, लेकिन फ्लाइट 6.21 बजे टेकऑफ हुई। आपात लैंडिंग के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### अंडमान के समुद्र में हेलीकॉप्टर क्रैश


**नई दिल्ली।** झारखंड विमान हादसे के बाद अब अंडमान के समुद्र में हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। इस हेलीकॉप्टर में 7 लोग सवार थे। अंडमान और निकोबार आइलैंड्स में मायाबंदर के पास एक पवन हंस हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में शॉर्ट क्लाइंबिंग हुई। ये हादसा आज मंगलवार, 24 फरवरी की सुबह करीब 9 बजकर 30 मिनट पर हुआ। पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया, हेलीकॉप्टर ने पोर्ट ब्लेयर से दो क्रू मेंबर और पांच पैसेंजर के साथ उड़ान भरी थी। इस हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोगों को बचा लिया गया है और वे सभी सुरक्षित हैं।

### तानाशाही और कायरता : यूथ कांग्रेस प्रमुख की गिरफ्तारी पर भड़के राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा है कि इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति और कायरता का सबूत है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा, 'मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने निडर होकर देश के हित में आवाज़ उठाई है। अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है। यह समझौता हमारे किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचाएगा तथा हमारे डेटा को अमेरिका के हाथों में सौंप देगा।'

### रणवीर सिंह को कोर्ट से राहत सख्त कदम नहीं उठाने का निर्देश



**नयी दिल्ली।** गोवा में आयोजित इफ्फी 2025 में रणवीर सिंह ने ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांता-रा' के एक सीन की नकल की थी। इसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया था। अभिनेता के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर शिकायत दर्ज हुई। मामला कोर्ट तक पहुंच चुका है। आज मंगलवार को कर्नाटक हाईकोर्ट की तरफ से उन्हें राहत मिली है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, 'रणवीर सिंह को राहत देते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह एक स्थानीय देवता का कथित तौर पर मजाक उड़ाने के मामले में बॉलीवुड एक्टर के खिलाफ कोई सख्त कदम न उठाए।

### लाल बारादरी में नमाज पर बवाल, 13 छात्रों को नोटिस, बॉन्ड भरने का आदेश

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के तेरह छात्रों को कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने 50,000 रुपये का निजी मुआवज़ा और 50,000 रुपये के दो ज़मानतदार पेश करने का आदेश दिया है ताकि ऐतिहासिक लाल बारादरी भवन में अनधिकृत धार्मिक गतिविधियों की रिपोर्ट के बाद एक वर्ष तक कानून व्यवस्था बनाए रखने की गारंटी दी जा सके। यह घटना तब हुई जब छात्रों ने लाल बारादरी नामक ऐतिहासिक भवन के बाहर प्रार्थना की क्योंकि उसके द्वार बंद थे। जारी आदेश में कहा गया है कि इन गतिविधियों से विश्वविद्यालय परिसर में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई और भविष्य में सार्वजनिक शांति भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### शेयर बाजार में कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण सेंसेक्स 800 अंक से ज्यादा टूटा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी राष्ट्रपति की शुल्क संबंधी हालिया टिप्पणियों के बाद वैश्विक व्यापार को लेकर नई चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 813.13 अंक या 0.97 प्रतिशत टूटकर 82,481.53 अंक पर जबकि निफ्टी 0.89 प्रतिशत फिसलकर 25,482.85 अंक पर आ गया।

## किसानों की महाचौपाल में पहुंचे राहुल-खरगे

● कांग्रेसियों कार्यकर्ताओं से पुलिस की धक्का-मुक्की



**भोपाल।** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में आज मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जवाहर चौक पर कांग्रेस ने 'किसान महाचौपाल' बुलाई। इस कार्यक्रम को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संबोधित किया जिसकी तैयारियों के लिए 50 हजार लोगों की क्षमता वाला डोम तैयार किया गया था। दोनों नेता भोपाल पहुंच गए। इधर, ACP उमेश तिवारी और तराना उज्जैन से कांग्रेस MLA महेश परमार के बीच तीखी बहस हो गई। उज्जैन के जिला अध्यक्ष को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था, इसी बात पर बहस शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। इसके बावजूद कई मार्गों पर कांग्रेसी डटे रहे। प्रवेश न मिलने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है, जबकि पुलिस हालात को नियंत्रित करने में जुटी रही। राहुल गांधी ने कहा कि ट्रेड डील में प्रधानमंत्री ने देश को बेच दिया। इस समझौते से देश का डेटा सौंपा गया, किसानों, उद्योग और रोजगार को नुकसान पहुंचाया गया।

### अब 'केरलम' के नाम से जाना जाएगा केरल

**नई दिल्ली।** नई पीएमओ बिल्डिंग सेवा तीर्थ में मंगलवार को हुई पहली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसी क्रम में मोदी कैबिनेट ने केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह कदम अप्रैल-मई में होने वाले केरल विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है। केरल विधानसभा ने 24 जून, 2024 को एकमत से एक प्रस्ताव पास किया था, जिसमें केंद्र से राज्य का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर केरलम करने की अपील की गई थी।

### केरल हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, सरकार की अपील पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल की एलडीएफ सरकार को राहत देते हुए, हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें 'नव केरल सिटीजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम' के लिए 20 करोड़ रुपये देने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। नवा केरल सिटिजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम के तहत सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और लोगों से योजनाओं को लेकर फीडबैक भी लिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य की स्पेशल लीव याचिका पर अंतरिम आदेश जारी किया।

### पश्चिम बंगाल में सुप्रीम कोर्ट ने अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है।

## चार दिन की पुलिस कस्टडी में रहेंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

● एआई समिट प्रदर्शन के मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने दिया फैसला



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की हिरासत को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एआई समिट के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामले में चिब को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इससे पहले दिन में कोर्ट ने उनकी पुलिस हिरासत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुनाते हुए दिल्ली पुलिस को चार दिन की कस्टडी प्रदान की। पूरा मामला भारत मंडपम में चल रहे एआई समिट समारोह का है जब यूथ कांग्रेस के 20 से 30 कार्यकर्ताओं ने यूएस डील को लेकर शर्टलेस होकर प्रदर्शन




## इजराइल में विपक्ष करेगा मोदी का बहिष्कार!

### डिफेंस डील को लेकर अहम माना जा रहा है पीएम का दौरा

● वैश्विक राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत



**नई दिल्ली।** भारतीय का पीएम मोदी इजराइल का दौरा करने जा रहे हैं। इस दौरे को वैश्विक राजनीति में बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। लेकिन इस दौरे के शुरू होने से पहले ही इजराइल की राजनीति में नया बवाल छिड़ गया है। विपक्ष ने यह चेतावनी दी है कि अगर कुछ शर्तें पूरी नहीं होती है तो वे संसद में पीएम मोदी के भाषण का बहिष्कार भी कर सकते हैं। भारत इजराइल के बीच डिफेंस डील संभव है। यह जानकारी इस वक्त मिल रही है। भारत को आयरन रोम तकनीक मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे पर यह डिफेंस डील संभव है और भारत में ही इस सिस्टम का निर्माण किया जा सकेगा। मोदी का ये जो इजराइल दौरा है इसी में ये डील हो सकती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी को इजराइल के दौरे पर पहुंचने वाले हैं। यानी करीब 8 साल बाद पीएम मोदी का यह दौरा इजराइल में होने जा रहा है और इसे सिर्फ़ एक सामान्य कूटनीतिक यात्रा नहीं कहा जा सकता है बल्कि वैश्विक राजनीति में इसे बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। लेकिन इस दौरे के शुरू होने से पहले ही इजराइल की राजनीति में नया बवाल छिड़ गया है।

### पीएम के इस्राइल दौरे को लेकर कांग्रेस का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने फिलिस्तीनियों को बेसहारा छोड़ दिया है। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे समय में इस्राइल का दौरा कर रहे हैं, जब गाजा में नागरिकों पर निर्दयता-पूर्वक हमले जारी हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार फिलिस्तीन के मुद्दे पर प्रतिबद्धता को लेकर दिखावटी और पाखंडपूर्ण बयान देती है, जबकि हकीकत में उसने उन्हें छोड़ दिया है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में कहा कि वेस्ट बैंक में हजारों फिलिस्तीनियों को बेदखल और विस्थापित करने की कार्रवाई तेज हो गई है और इसकी वैश्विक स्तर पर निंदा हो रही है। गाजा में नागरिकों पर इस्राइली हमले लगातार जारी हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.1°C
● तापमान न्यूनतम : 16.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 24 फरवरी, मंगलवार, 2026 (3)





बरेका में विद्युत लोकोमोटिव WAP7 की रवानगी के मौके पर उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

जनमुख

# घृणित कृत्य, अक्षम्य अपराध

## अविमुक्तेश्वरानंद से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, हालिया घटना पर दी तीखी प्रक्रिया

● धर्मगुरुओं का अपमान, सनातन और हिन्दुत्व पर कुठाराघात

● समाज में भेदभाव और विभाजन की भावनाओं को भड़का रही है सरकार



**वाराणसी।** श्री विद्या मठ मंगलवार की दोपहर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे तो परिसर में काफी देर तक सियासी सरगर्मी नजर आई। प्रदेश सरकार और विपक्ष के अखाड़े के रूप में श्री विद्या मठ नजर आया तो अजय राय ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम पूछा। इस अवसर पर उन्होंने हालिया घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। अजय राय ने कहा, 'यह आपका अपमान नहीं, बल्कि संपूर्ण सनातन का अपमान है। यह संपूर्ण हिंदू समाज और हिंदुत्व का अपमान है। सरकार का यह कृत्य अक्षम्य है, इसे कतई क्षमा नहीं किया जा सकता।' इस दौरान अजय राय ने कहा कि यह कृत्य न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह समाज में अस्थिरता भी पैदा कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कृत्यों से समाज में विभाजन की भावना बढ़ती है, जो कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए उचित नहीं है। अजय राय ने आगे कहा कि हमें एकजुट होकर इस प्रकार के कृत्यों का विरोध करना चाहिए। इस मुलाकात के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। अजय राय ने इस अवसर पर यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से धर्मनिरपेक्षता और सभी धर्मों के प्रति सम्मान की पक्षधर रही है।

# 54वीं बार आ रहे पीएम

● स्वागत की रणनीति तैयार करने में भाजपाई और होमवर्क पूरा करने में जुटा प्रशासन



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च के दूसरे सप्ताह में काशी आ सकते हैं। यह उनका 54वां दौरा होगा। इस बार कज्जाकपुरा आरओबी पर पीएम और सीएम की गाड़ियां भी फर्राटा भरेंगी। वे कई योजनाओं का लोकार्पण और कुछ योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इससे पूर्व पीएम सात नवंबर को आए थे। होली से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 फरवरी को आ सकते हैं। पीएम और सीएम के आगमन की प्रारंभिक सूचना पुलिस प्रशासन को मिल चुकी है। प्रशासनिक और भाजपा सूत्रों के अनुसार, महिला दिवस पर आठ महिलाओं को सम्मानित करने की भी योजना बन रही है। इस बार पीएम बरेका या संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में जनसभा कर सकते हैं। पीएम के लिए बरेका गेस्ट हाउस और सीएम के लिए सर्किट हाउस के कमरों को तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जब भी बनारस आते हैं, कुछ न कुछ सौगात देकर ही जाते हैं। अब तक वे 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दे चुके हैं।

## रंगभरी एकादशी पर लाखों की भीड़ नियंत्रण को प्रशासन ने कसी कमर

● पारंपरिक व्यवस्था के अनुरूप ही समस्त कार्यक्रम संपन्न कराये जाएंगे

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** इस बार रंगभरी एकादशी के अवसर पर वाराणसी में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। माना जा रहा है कि रंगभरी एकादशी से लेकर होली तक काशी में लाखों की भीड़ उमड़ेगी। इसको लेकर डीआईजी और मंदिर प्रबंधन व पुजारियों की बैठक हुई। गलियों में आवागमन, मंदिर परिसर की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, ट्रैफिक कंट्रोल और क्राउड मैनेजमेंट जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। लाखों की उमड़ने की संभावना के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक के दौरान यह भी तय हुआ कि पारंपरिक व्यवस्था के अनुरूप ही समस्त कार्यक्रम संपन्न कराये जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मंदिर और घाटों पर होगा त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा

**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय, शिवहरी मीणा ने रंगभरी एकादशी की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, आसपास के घाटों व अन्य महत्वपूर्ण, संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, यातायात संचालन, प्रवेश-निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कवरेज, ड्यूटी प्वाइंट, अग्नि सुरक्षा उपाय और आपातकालीन व्यवस्था की समीक्षा की। पिनाक भवन के मीटिंग हॉल में उच्चस्तरीय समन्वय बैठक में चेकिंग और बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाने, मंदिर परिसर की बाहरी, मध्य एवं आंतरिक परिधि में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाने को कहा।

## कवयित्री करुणा सिंह को मिली मानद विद्या वाचस्पति उपाधि



● सामाजिक और साहित्यिक संस्थाओं ने जताया हर्ष

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी की लब्ध कवयित्री शिक्षिका करुणा सिंह को थावे विद्यापीठ के झुंसी प्रयागराज में सम्पन्न विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्या वाचस्पति (मानद डाक्ट्रेट) की मानद उपाधि दी गई। वे सप्रंति बरेका इंटर कालेज में हिंदी की अध्यापिका हैं। करुणा सिंह को विद्या वाचस्पति मानद उपाधि मिलने पर तमाम सामाजिक और साहित्यिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शंकराचार्य ने हाईकोर्ट में लगायी अग्रिम जमानत की अर्जी

● जारी की आशुतोषानंद और IPS की केक काटते हुए तस्वीर



**वाराणसी।** बच्चों से यौन शोषण मामले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। उन्हें डर है कि प्रयागराज पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज पुलिस आज शंकराचार्य से पूछताछ करने उनके आश्रम पहुंच सकती है। गिरफ्तारी भी कर सकती है। इसी आशंका को देखते हुए शंकराचार्य ने वकील के जरिए हाईकोर्ट का रुख किया है। इधर, मंगलवार को शंकराचार्य ने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रयागराज के एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। मोबाइल पर अजय पाल शर्मा और आशुतोष महाराज की एक तस्वीर भी दिखाई। इसमें अजय पाल शर्मा केक काटते हुए नजर आ रहे हैं।

## आईआईटी की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को



**वाराणसी।** फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) के कुलदीप सिंह की अदालत में सोमवार को बीएचयू आईआईटी की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई टल गई। यह सुनवाई गवाह विवेचक सहजानंद श्रीवास्तव के अनुपस्थित रहने के कारण नहीं हो पाई। अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी। पिछली सुनवाई में पीड़िता के साथी से आरोपी आनंद चौहान के अधिवक्ता ने जिरह पूरी कर ली थी। इस मामले में विवेचक को गवाही के लिए तलब किया गया था।

## शंकराचार्य से मिला इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस चंचल शर्मा की अगुवाई में ओम शुक्ला, धीरज सोनकर, विनीत चौबे, अभिषेक चौरसिया, अजीत विश्वकर्मा आदि के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पूरा इंडिया गठबंधन शंकराचार्य के साथ मजबूती से खड़ा है। मोदी–योगी सरकार दुर्भावना और द्वेष की भावना से शंकराचार्य जी को फंसाने का प्रयास कर रही है, जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है।

# मसाने की होली पर विरोध गहराया

● डोमराजा परिवार ने भी जताया एतराज



**वाराणसी।** मसाने की होली की नई परंपरा जो कुछ वर्ष पूर्व डाली गई वह इस बार विरोध की भेंट चढ़ जाएगी। काशी में मान्यता है कि जीव को मसान की होली शिव बना देती है। लेकिन इन भावों के बीच काशी विद्वत् परिषद के साथ ही अन्य संस्थाएं और खुद डोमराजा परिवार भी विरोध में आ गया है। डोमराजा परिवार ने भी इस परंपरा पर रोक लगाने की बात कही है, जिससे स्थानीय समुदाय में चिंता और विरोध के स्वर उठने लगे हैं। डोमराजा परिवार का कहना है कि यह आयोजन धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है और इसे रोकना चाहिए। दूसरी ओर, काशी के भक्त और श्रद्धालु इस परंपरा को अपने सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा मानते हैं। उनका मानना है कि मसान की होली न केवल शिव की आराधना का एक तरीका है, बल्कि यह जीवन और मृत्यु के चक्र को स्वीकार करने का भी प्रतीक है। रंगभरी एकादशी के अगले दिन फाल्गुन शुक्ल द्वादशी को मणिकर्णिका घाट पर पारंपरिक 'मसान की होली' खेली जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव भस्मांगरागाय महेश्वर रूप में अपने गणों के साथ चिता भस्म से फाग रचाते हैं।




## निगम का दावा : मार्च तक नगर के सभी कुएं साफ करा दिए जाएंगे, 55 की हो चुकी है सफाई



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम का दावा है कि शहर के कुओं की सफाई का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस क्रम में 55 कुओं की सफाई पूर्ण करा लिया गया है। जब कि 151 कुओं की सफाई अभी बाकी है। मैदागिन स्थित टाउनहॉल भवन में सोमवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सदन की बैठक पूरी तरह जनसमस्याओं के समाधान और विकास के रोडमैप पर केंद्रित रही। पार्षद हनुमान प्रसाद ने सीएसआर फंड से लगे वाटर कूलरों की 15 दिन में मरम्मत और नए स्थानों के चयन का प्रस्ताव रखा।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल कारावास

**वाराणसी।** वाराणसी जिला एवं सत्र न्यायालय की पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लीलता के आरोपी को सजा सुनाई। साक्ष्य, गवाहों और पुलिस चार्जशीट के आधार पर आरोपी को दोषी माना। इसके बाद उसे 20 साल कठोर कारावास का दंड दिया। दुष्कर्मी पर 55 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।



## बरेका का 500वां विद्युत लोकोमोटिव टर्न-आउट

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बरेका ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–26 में निर्मित 500वें विद्युत लोकोमोटिव WAP7 का टर्न-आउट किया। यह उपलब्धि बरेका के महाप्रबंधक आशुतोष पंत एवं रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (कर्षण) सोमेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई। पर्यावरण अनुकूल डिजाइन एवं उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त यात्रीवाहक WAP7 लोकोमोटिव नं. 45002 को पूर्व रेलवे के हावड़ा लोको शेड के लिए रवाना किया गया।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मऊ समाचार

### छुट्टी पर घर लौट रहे जवान की ट्रेन से गिरकर मौत, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के चमरियांव निवासी बीआरओ (बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन) के जवान रामप्रवेश राय (48) की ट्रेन से गिरकर रविवार की शाम मौत हो गई। सोमवार की सुबह पार्थिव शरीर घर पहुंचा। दोहरीघाट में सरयू नदी के किनारे मुक्तिधाम पर राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम संस्कार किया गया। रामप्रवेश राय रक्षा मंत्रालय की बीआरओ में सिपाही के पद पर तैनात थे। वर्तमान समय में उनकी तैनाती अरुणाचल प्रदेश में जंग यूनिट में थी। परिजनों ने बताया कि वो छुट्टी लेकर शनिवार को ड्यूटी से घर के लिए निकले थे। रविवार की भोर में करीब 4 बजे ट्रेन बिहार के बेगूसराय जंक्शन पर पहुंची थी। वो चाय लेने के लिए गेट पर पहुंचे और पैर फिसलने के कारण ट्रेन से गिर गए।

इतने में ट्रेन चलने लगी और कटकर उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में उनकी पत्नी की दो साल पहले ही मौत हो गई थी। दो बेटे हैं जो पढ़ाई करते हैं।

## चंदौली समाचार

### चंदौली में डिलीवरी के बाद महिला की मौत

**चंदौली।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के दुबेपुर स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बरौझी गांव की रिंका कुमारी को सोमवार को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, दुबेपुर के निजी सर्जिकल सेंटर में ऑपरेशन के जरिए बच्चे का जन्म हुआ। हालांकि, शाम होते-होते महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि गंभीर स्थिति के बावजूद अस्पताल ने महिला को बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के वाराणसी रेफर कर दिया। वाराणसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद रिंका कुमारी को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया।

## बलिया समाचार

### ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत, अस्पताल सील



**बैरिया।** कस्बे के शकील कटरा में संचालित मानक विहीन निजी अस्पताल में अप्रशिक्षत चिकित्सक की ओर से गर्भवती का ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। नवजात स्वस्थ है। परिजनों के हंगामे पर अस्पताल के चिकित्सक व कर्मचारी भाग गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसडीएम आलोक गुप्ता के नेतृत्व में पहुंची सोनबरसा सीएचसी की टीम ने निजी अस्पताल को सील कर दिया। दोकटी थाना क्षेत्र के रामपुर वाजिदपुर गांव निवासी मिथिलेश गोड़ की पत्नी ममता देवी (26) प्रसव दर्द होने पर अपने मायके में सोनबरसा आ गई। जहां आशा कार्यकर्ता ने सीएचसी पर दिखाने की जगह उसे शकील कटरा में संचालित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की सुबह अप्रशिक्षित डॉक्टर ने ममता की हालत गंभीर बता कर ऑपरेशन किया, जिससे लड़का हुआ। कुछ देर बाद ममता की ज्यादा खून गिरने से हालत खराब हो गई। मां चंद्रावती देवी ने चिकित्सक को रेफर करने के लिए कहा, लेकिन डॉक्टर ने ऑपरेशन का 50 हजार रुपया जमा करने के बाद बाकी 10 रुपया जमा करने के बाद रेफर की बात कही। इसपर ममता की मां पैसों की व्यवस्था करने में जुट गईं, उसी बीच ममता की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोनभद्र समाचार

### राजस्व में गिरावट मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई : एडीएम

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कर, करेत्तर, राजस्व संग्रह और प्रवर्तन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने की। उन्होंने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि न्याय प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। बैठक में मंडी, आबकारी, परिवहन, खनन, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की वसूली और प्रवर्तन गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## जौनपुर समाचार

### होली पर घर आना आसान हुआ, पुणे-गाजीपुर सिटी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन




**जौनपुर।** होली के त्योहार पर घर आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। रेलवे प्रशासन ने पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे द्विसाप्ताहिक होली विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का ठहराव जौनपुर और औड़िहार स्टेशनों पर होने से जनपद और आसपास के यात्रियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। गाड़ी संख्या 01431 (पुणे से गाजीपुर सिटी) 24 व 27 फरवरी और 3 व 6 मार्च (शुक्रवार और मंगलवार) को पुणे से सुबह 06:40 बजे प्रस्थान करेगी। मनमाड, इटारसी और प्रयागराज छिवकी होते हुए दूसरे दिन यह ट्रेन दोपहर 3:40 बजे वाराणसी, शाम 5:00 बजे जौनपुर और 5:55 बजे औड़िहार पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01432 (गाजीपुर सिटी से पुणे) एक्सप्रेस वापसी में यह ट्रेन 26 फरवरी और 1, 5 व 8 मार्च (रविवार और बृहस्पतिवार) को गाजीपुर सिटी से सुबह 4:20 बजे चलेगी।

यह सुबह 5:15 बजे औड़िहार और 7:05 बजे जौनपुर पहुँचते हुए अगले दिन शाम 4:20 बजे पुणे पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में दौड़ते हुए मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औड़िहार स्टेशनों पर रुकेगी।

## भदोही समाचार

### रहमतों, बरकतों और मगफिरत का महीना है माह-ए-रमजान : मो. फैसल

**भदोही।** इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है माह-ए-रमजान। इस महीने को रहमतों, बरकतों और मगफिरत (माफी) का महीना कहा जाता है। इसका कारण यह है कि इसी मुकद्दस महीने में मुसलमानों की धार्मिक किताब कुरान शरीफ नाजिल हुई। इस्लाम धर्म के पांच बुनियादी स्तंभ अर्थात तौहीद, नमाज, रोजा, हज और जकात हैं कुरआन में ही लिखी हुई हैं। इसी पाक महीने मे ही रोजा रखा जाता है। ये बातें इन दिनों मस्जिदों में पेश इमाम अपने हर तकरीर में बयान कर रहे हैं। मुसलमानों पर पांच वक्त की नमाज पढ़ने को अनिवार्य किया गया है। जबकि माह-ए-रमजान में रात की नमाज के बाद तरावीह पढ़ना भी सुन्नत है। रमजान में रोजा रखना हर व्यस्क मुसलमान के लिए जरूरी करार दिया गया है। बीमारों को छूट दी गई है।

## मीरजापुर समाचार

### मण्डलायुक्त ने तहसील लालगंज व विकास खण्ड लालगंज का किया वार्षिक निरीक्षण



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश ने तहसील व विकासखंड कार्यालय पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने लंबित मुकदमों व तहसील परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवन के कार्यों की सुस्त रफ्तार पर सख्ती दिखाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। तहसील निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीन से पांच वर्ष से लंबित राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। तहसील सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि पुराने मामलों का समयबद्ध निस्तारण नहीं होने से आमजन को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। सभी प्रकरणों की सूची तैयार कर नियमित समीक्षा की जाए। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। निरीक्षण में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं और लंबित भुगतानों की भी पड़ताल की गई।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन कर्मियों का भुगतान लंबित है, उसे शीघ्र निपटाया जाए ताकि कार्यालयी कार्य प्रभावित न हों। तत्पश्चात उन्होंने विकासखंड परिसर का निरीक्षण किया। परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लगाए गए पौधों की देखरेख सुनिश्चित करने को कहा। नवनिर्मित व निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता जांचते हुए कार्यदायी संस्था को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

## देवरिया समाचार

### होली-रमजान को लेकर कोतवाली में हुई शांति कमेटी की बैठक

**सलेमपुर।** आगामी होली और पवित्र रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सोमवार को सलेमपुर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आपसी सहयोग और सतर्कता पर जोर दिया।

कोतवाल महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। जुलूस मार्ग, साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। गंगा-जमुनी परंपरा को कायम रखते हुए दोनों पर्व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

## प्रयागराज समाचार

### गणित की परीक्षा से पहले छात्र ने फांसी लगाई, हाइस्कूल टॉपर था समीर



**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा चूंगी इलाके में सोमवार सुबह एक छात्र ने मां की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। छात्र की दोपहर दो बजे से गणित की परीक्षा होनी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मुंडेरा चूंगी निवासी 16 वर्षीय समीर सिंह, पुत्र जय सिंह यादव, इंटरमीडिएट का छात्र था। सोमवार दोपहर दो बजे से उसका गणित का पेपर निर्धारित था। परिजनों के अनुसार, सुबह वह अपने कमरे में था। काफी देर तक बाहर न आने पर परिवार के लोगों ने दरवाजा खटखटाया। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा खोला गया तो वह फंदे से लटका मिला। परिजन उसे तुरंत नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि समीर ने सुबह करीब पांच बजे अपने दोस्तों से फोन पर गणित की परीक्षा को लेकर घबराहट और डर की बात कही थी। वर्ष 2024 में आयोजित हाईस्कूल परीक्षा में वह टॉपर छात्र रहा था। परिजन के मुताबिक वह पढ़ाई में मेधावी था। समीर के पिता जय सिंह यादव मुंडेरा मंडी में चाय-पान की दुकान चलाते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक, दो भाइयों की मौत

**सेमरी बाजार।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर जयसिंहपुर के सारंगपुर के पास रविवार रात सड़क किनारे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार बाइक पीछे से भिड़ गई। दुर्घटना में बाइक सवार कानपुर के केशवपुरम आवास विकास निवासी श्रमिक सुमित गौड़ (30) व उनके छोटे भाई शुभम गौड़ (23) की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर आरके चतुर्वेदी ने बताया कि परिजनों से बात करने पर पता चला कि सुमित व शुभम कानपुर से बाइक से अपने गांव आजमगढ़ के फूलपुर के बहरामपुर जाने के लिए घर से निकले थे। उनके गांव में कोई कार्यक्रम था। वह दोनों उसी में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच सारंगपुर गांव के पास दुर्घटना हो गई। बाइक सुमित चला रहे थे।

## गोरखपुर समाचार

### शादी के दो दिन बाद ही विवाहिता की मौत, मां ने लगाया हत्या का आरोप, मातम में बदलीं खुशियां



**गोरखपुर।** पीपीगंज थानाक्षेत्र में शादी की खुशियों के महज दो दिन बाद 21 वर्षीय नवविवाहिता सीमा की संदिग्ध हालात में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच कर रही है। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रत्नपुर निवासी कमल प्रभा देवी की बेटी सीमा का विवाह 20 फरवरी को पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़नी निवासी मनोज के साथ हुई। परिजनों ने बताया कि विवाह में सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज दिया गया। 21 फरवरी को सीमा की विदाई हुई और वह अपने ससुराल बढ़नी पहुंची। बताया जाता है कि 22 फरवरी की शाम अचानक सीमा की तबीयत बिगड़ने की सूचना उसके मायके पक्ष को दी गई। ससुराल वालों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सीमा के माता-पिता अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि वहां पहुंचने पर ससुराल पक्ष के लोग शव छोड़कर मौके से चले गए।

मृतका की मां कमल प्रभा देवी ने पीपीगंज पुलिस को सूचना देते हुए आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी के चलते उनकी बेटी की हत्या की गई। उन्होंने ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सीओ कैंपियरगंज अनुराग सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चलेगा। फिलहाल तहरीर के आधार पर मामले की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आजमगढ़ समाचार

### रमजान में रोजेदारों को भा रही हैदराबादी सेंवई




**आजमगढ़।** रमजान में बाजार में सेंवइयों की मांग बढ़ गई है। रोजेदार इफ्तार के लिए खास किस्मों की सेंवइयों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार बनारस और हैदराबादी सेवइयों को खास तवज्जो दी जा रही है। रमजान शुरू होते ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। रोजेदार भोर में सहरी व शाम को इफ्तार के लिए फल, खजूर और मीठे का उपयोग करते हैं। रमजान में सेवई सबसे ज्यादा पसंद की जाती है। इस वजह से इनकी बिक्री अधिक होती है। इस बार भी शहर के तकिया सहित ग्रामीण बाजारों में बिक्री के लिए सेंवइयों की दुकानें सज गईं हैं। कारोबारी दिलीप बरनवाल ने बताया कि रमजान में ज्यादातर लोग मीठे से इफ्तार करते हैं। ऐसे में सेंवई की मांग बढ़ गई है। प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर से लच्छा, शीर, किमामी, कुरमा, सूखी, मीठी, मीडियम, फेनी सेंवई मंगाई गई है। दुकानदार साहिल ने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार 20 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। सेंवइयों का रेट 100 रुपये से लेकर 350 रुपये किलो तक है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए विभिन्न किस्मों की सेंवई मंगाई गई है।

## गाजीपुर समाचार

### ट्रक के धक्के से किशोर सहित दो की मौत



**गाजीपुर।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सोमवार की शाम ट्रक के धक्के से किशोर सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने शाम पांच बजे जंगीपुर-यादवपुर मोड़ होते हुए गाजीपुर जाने वाले मार्ग को जाम कर दिया और ट्रक चालक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर रविश गुप्ता और सीओ सीटी शेखर सेंगर के समझाने पर ग्रामीणों ने शाम करीब 7:30 बजे जाम समाप्त किया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भड़सरः जंगीपुर थानाध्यक्ष शिवमणि त्रिपाठी ने बताया कि बघोल निवासी मुसाफिर बिंद (52) किसी कार्य से साइकिल से जंगीपुर बाजार गया था। बाजार से वापस लौटते समय मंडी परिसर के पास पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। इस घटना में मुसाफिर के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शाम पांच बजे से जंगीपुर- यादवपुर मोड़ पर गाजीपुर जाने वाले मार्ग पर शव रखकर जाम कर दिया। ग्रामीण ट्रक चालक को गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग कर रहे थे। जंगीपुर थानाध्यक्ष शिवमणि त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, दूसरी घटना नोनहरा थाना क्षेत्र के एकडंगवां गांव के पास हुई, जहां ट्रक के धक्के से एक बाइक सवार की मौत हो गई। नोनहरा थानाध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया कि बड़ौदा गांव निवासी रोबिन राम (17) अपने मित्र जितेंद्र कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर सागापाली जा रहा था। कठवामोड़-कासिमाबाद मार्ग स्थित एकडंगवा गांव के पास कासिमाबाद से आ रहे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रोबिन राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठे जितेंद्र कुमार को हल्की चोट आई। थानाध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया कि फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

## लाइफ मंत्र

### मार्च में कितनी बार रखा जाएगा प्रदोष व्रत? जानिए, वार और पूजा का शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक व्रत और पूजा करने से साधक को भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जीवन के कष्ट दूर होते हैं और अंततः मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह में दो प्रदोष व्रत होते हैं। एक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी और दूसरा शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को। जिस वार को यह व्रत पड़ता है, उसी के अनुसार इसका नाम रखा जाता है, जैसे सोम प्रदोष, भौम प्रदोष, रवि प्रदोष आदि।

आइए जानते हैं मार्च 2026 में प्रदोष व्रत कब-कब रखा जाएगा और पूजा का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।



**मार्च 2026 का पहला प्रदोष व्रतः 01 मार्च (रवि प्रदोष व्रत)**

हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 28 फरवरी 2026 को रात 08 बजकर 43 मिनट पर प्रारंभ होगी और 01 मार्च 2026 को शाम 09 बजकर 11 मिनट पर समाप्त होगी। चूंकि प्रदोष व्रत प्रदोष काल में मान्य होता है और त्रयोदशी तिथि 01 मार्च को प्रदोष काल में विद्यमान रहेगी, इसलिए पहला प्रदोष व्रत 01 मार्च 2026, रविवार को रखा जाएगा। रविवार को पड़ने के कारण इसे रवि प्रदोष व्रत कहा जाएगा।

**प्रदोष पूजा का शुभ मुहूर्त (01 मार्च 2026)**

प्रदोष काल प्रारंभः शाम 06 बजकर 21 मिनट

प्रदोष काल समाप्तः शाम 07 बजकर 09 मिनट

इस अवधि में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा, अभिषेक और आरती करना शुभ माना गया है।

**मार्च 2026 का दूसरा प्रदोष व्रतः 16 मार्च**

पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 16 मार्च 2026 को सुबह 09 बजकर 40 मिनट पर शुरू होगी और 17 मार्च 2026 को सुबह 09 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगी। प्रदोष काल 16 मार्च की संध्या को पड़ने के कारण दूसरा प्रदोष व्रत 16 मार्च 2026 को रखा जाएगा।

**पूजा का शुभ मुहूर्त (16 मार्च 2026)**

**पूजा प्रारंभः** शाम 06 बजकर 30 मिनट

**पूजा समापनः** रात 08 बजकर 54 मिनट तक

इस समय भगवान शिव का रुद्राभिषेक, शिव चालीसा पाठ, महामृत्युंजय मंत्र जप और दीपदान करना अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**प्रदोष व्रत का धार्मिक महत्व**

प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। जीवन के संकट और बाधाएं दूर होती हैं। आर्थिक और पारिवारिक सुख-समृद्धि बढ़ती है। संतान, स्वास्थ्य और करियर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है।

मृत्यु के बाद शिव धाम में स्थान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रदोष काल (सूर्यास्त के बाद का लगभग 2 घंटे 24 मिनट का समय) शिव पूजा के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। मार्च महीने में कुल दो प्रदोष व्रत रखे जाएंगे। पहला 01 मार्च (रवि प्रदोष) और दूसरा 16 मार्च 2026 को। यदि आप भगवान शिव की विशेष कृपा पाना चाहते हैं, तो प्रदोष काल में विधिपूर्वक व्रत और पूजा अवश्य करें। श्रद्धा और नियमपूर्वक किया गया प्रदोष व्रत जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है।

## एसी में एसी खरीदने का है Plan? 3-Star और 5-Star का कन्फ्यूजन यहां दूर करें



गर्मी में एसी खरीदने से पहले 3-स्टार और 5-स्टार का अंतर समझें, क्योंकि यह आपके बिजली बिल पर सीधा असर डालता है। 5-स्टार एसी शुरुआती कीमत में महंगा जरूर होता है, लेकिन लंबे समय में यह कम बिजली खपत कर सालाना हजारों रुपये की बचत कराता है। धीरे-धीरे मौसम में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। गर्मी शुरु होते ही एयर कंडीशनर की मांग बढ़ने लगती है, लेकिन जब हम एसी खरीदने जाते हैं, तो सबसे बड़ा कन्फ्यूजन होता है कि तीन स्टार वाला लें या पांच स्टार वाला। अक्सर होता है कि कई लोग कीमत देखकर ही एसी खरीद लेते हैं बाद फिर बिल ज्यादा आने कारण पछताते रहते हैं। एसी पर लगी स्टार रेटिंग उसकी बिजली बचाने की क्षमता को दर्शाती है। भारत में यह रेटिंग ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) द्वारा निर्धारित की जाती है। किसी भी एसी या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर जितने अधिक स्टार होते हैं, वह उतनी ही कम बिजली की खपत करता है। कम स्टार वाले उपकरण अधिक बिजली खर्च करते हैं। उदाहरण के तौर पर, 5 स्टार एसी, 3 स्टार एसी की तुलना में कम बिजली उपयोग करता है, लेकिन इसकी खरीद कीमत थोड़ी अधिक हो सकती है।

**एसी की स्टार रेटिंग कैलकुलेशन को समझें**

मान के चलें कि, यदि 1.5 टन एसी रोज 8 घंटे और महीने में 25 दिन चलता है और बिजली दर आठ रुपये प्रति यूनिट है, तो स्टार रेटिंग का अंतर सीधे बिल पर दिखता है। आपको बता दें कि, तीन स्टार एसी लगभग 1.5 यूनिट प्रति घंटा खपत करता है, यानी 300 यूनिट प्रति महीना और करीब 2400 रुपये बिल। दूसरी तरफ, 5 स्टार एसी औसतन 1.25 यूनिट प्रति घंटा खपत करता है, यानी लगभग 250 यूनिट प्रति महीना, लगभग 2000 हजार रुपये बिल। इससे यह पता चलता है कि केवल रेटिंग बदलने से ही हर महीने करीब 400 और साल में लगभग 4,800 रुपये की बचत होगी।

**कैसे बचत होगी?**

स्पष्ट है कि स्टार रेटिंग वाला एसी शुरुआत में थोड़ा महंगा पड़ता है, लेकिन उसकी बेहतर ऊर्जा दक्षता के कारण बिजली की खपत कम होती है और चलाने का खर्च घट जाता है। आमतौर पर 2–3 साल के भीतर इसकी अतिरिक्त कीमत बिजली की बचत से वसूल हो जाती है। इसके बाद यह लंबे समय तक वास्तविक बचत प्रदान करता है और आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होता है।

**3-स्टार एसी कब लेना चाहिए?**


यदि एसी का प्रयोग सीमित है, सिर्फ रात में 3-4 घंटे या साल में कुछ ही महीनों के लिए, तो कम लागत वाला 3 स्टार मॉडल सही चॉइज हो सकती है। सीमित बजट और कम प्रयोग पैटर्न में इसकी कुल स्वामित्व लागत संतुलित रहता है।

**5-स्टार एसी कब लेना चाहिए?**

रोजाना आप एसी को लगभग 6-7 घंटे तक चलाते हैं, या आप अत्यधिक गर्म स्थान जैसे कि जयपुर, दिल्ली या नागपुर में रहते हैं, तो 5-स्टार मॉडल बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। लंबी अवधि में एसी चलाने से बिजली खपत और स्थिर प्रदर्शन इसे आर्थिक रुप से बेहतर निवेश बनाते हैं।

**खरीदते समय न करें ये गलती**

अक्सर होता है कि लोग इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदते समय केवल उसकी कीमत देखकर फैसला कर लेते हैं, जबकि सही निर्णय लेने के लिए उपयोग के घंटों, स्थानीय बिजली दरों और अगले 5–7 वर्षों की संभावित उपयोग अवधि को भी ध्यान में रखना जरूरी है। इसलिए एसी खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि एसी एक लंबे समय तक चलने वाली वस्तु है, इसलिए शुरु में ज्यादा पैसा लगाकर लंबे समय तक आप सेविंग कर सकते हैं।




## आपके आसपास की हवा सुरक्षित या खतरनाक? Google Maps देगा तुरंत जवाब

**सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत के कई राज्यों में हवा की गुणवत्ता अक्सर खराब हो जाती है। इसका मुख्य कारण क्रॉप बर्निंग (पराली जलाना), ठंडी हवाएं और टेम्प्रेचर इनवर्जन होता है। इन परिस्थितियों में प्रदूषक कण हवा में ही फंसे रह जाते हैं और वातावरण जहरीला बन जाता है।**

उत्तर भारत, खासकर दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है। धुंध, स्मॉग और जहरीली हवा लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। ऐसे में बाहर निकलने से पहले अपने आसपास की हवा की गुणवत्ता जानना बेहद जरूरी हो जाता है। अच्छी बात यह है कि अब आप अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर पर Google Maps की मदद से रियल टाइम Air Quality Index (AQI) आसानी से चेक कर सकते हैं। यह फीचर आपको बताता है कि आपके इलाके की हवा कितनी सुरक्षित या खतरनाक है।

**सर्दियों में क्यों बढ़ जाता है प्रदूषण?**

सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत के कई राज्यों में हवा की गुणवत्ता अक्सर खराब हो जाती है। इसका मुख्य कारण क्रॉप बर्निंग (पराली जलाना), ठंडी हवाएं और टेम्प्रेचर इनवर्जन होता है। इन परिस्थितियों में प्रदूषक कण हवा में ही फंसे रह जाते हैं और वातावरण जहरीला बन जाता है। ऐसे समय में मॉर्निंग वॉक, आउटडोर ट्रिप या किसी भी बाहरी गतिविधि से पहले AQI चेक करना जरूरी हो जाता है, ताकि आप अपनी सेहत की सुरक्षा कर सकें।

**Google Maps पर AQI फीचर क्या है?**

Google Maps का Air Quality फीचर यूजर्स को उनके आसपास और किसी भी लोकेशन की वायु गुणवत्ता की जानकारी देता है। यह फीचर कलर-कोडेड सिस्टम पर काम करता है, जिससे आप एक नजर में हवा की स्थिति समझ सकते हैं।

**- हरा (Green): हवा अच्छी और सुरक्षित है**

- पीला (Yellow): सामान्य स्तर की हवा
- नारंगी (Orange): संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक
- लाल (Red): खराब और अस्वस्थ हवा
- गहरा लाल (Dark Red/Maroon): बेहद खतरनाक प्रदूषण

इस फीचर की मदद से आप अपने घर, ऑफिस, यात्रा स्थल या किसी भी शहर की रियल टाइम एयर क्वालिटी देख सकते हैं।

**मोबाइल ऐप में AQI कैसे चेक करें?**

अगर आप स्मार्टफोन पर Google Maps इस्तेमाल करते हैं, तो इन आसान स्टेप्स को फॉलो करें:

**स्टेप 1:**
सबसे पहले अपने फोन में इंस्टॉल Google Maps ऐप को अपडेट करें। इसके बाद ऐप ओपन करें।

**स्टेप 2:**
स्क्रीन की दाईं ओर आपको Layers (लेयर्स) का आइकन दिखाई देगा इस पर टैप करें।

**स्टेप 3:**
अब Air Quality ऑप्शन को चुनें। इसके बाद मैप पर अलग-अलग रंग दिखाई देने लगेंगे।

**स्टेप 4:**
अगर आपके इलाके में रेड या डार्क रेड रंग दिख रहा है, तो इसका मतलब है कि हवा बेहद खराब है। वहीं ग्रीन रंग बेहतर एयर क्वालिटी दर्शाता है।

**स्टेप 5:**
आप मैप पर किसी भी जगह टैप करके उस लोकेशन का AQI डिटेल में देख सकते हैं।

**डेस्कटॉप या वेबसाइट पर AQI कैसे देखें?**


अगर आप कंप्यूटर या लैपटॉप पर Google Maps का इस्तेमाल करते हैं, तो वहां भी AQI देखना बहुत आसान है।

1. Google Maps वेबसाइट ओपन करें।
2. नीचे या साइड में दिए गए Layers आइकन पर क्लिक करें।
3. Air Quality ऑप्शन सिलेक्ट करें।
4. अब मैप पर रंगों के जरिए अलग-अलग जगहों की हवा की गुणवत्ता दिखने लगेगी। इस तरह आप घर बैठे किसी भी शहर या इलाके की एयर क्वालिटी आसानी से चेक कर सकते हैं।

**बाहर निकलने से पहले जरूर रखें ध्यान**

सर्दियों के मौसम में प्रदूषण का स्तर तेजी से बदल सकता है। इसलिए अगर आप बाहर जाने की योजना बना रहे हैं—जैसे मॉर्निंग वॉक, ट्रैवल या आउटडोर एक्टिविटी—तो पहले AQI जरूर चेक करें। अगर एयर क्वालिटी खराब हो, तो बाहर निकलते समय मास्क पहनें, ज्यादा देर तक बाहर न रहें और बच्चों व बुजुर्गों का खास ध्यान रखें। Google Maps का यह फीचर न केवल आपकी यात्रा को सुरक्षित बनाता है, बल्कि आपको स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से भी बचाने में मदद करता है। अब जब भी बाहर जाने की सोचें, पहले अपने इलाके की हवा का हाल जरूर जान लें।

## लॉन्च से पहले सड़क पर Samsung Galaxy S26 Ultra! YouTuber ने फोन की Unboxing, फीचर्स लीक



एक यूट्यूबर ने Samsung Galaxy S26 Ultra को उसके आधिकारिक लॉन्च से पहले ही दुबई के बाजार से खरीदने का सनसनीखेज दावा किया है। यूट्यूबर ने लगभग 3 लाख रुपये की कीमत चुकाकर फोन के डिजाइन और फीचर्स का खुलासा कर दिया है, जबकि कंपनी इसे 25 फरवरी 2026 को लॉन्च करने वाली है। जब मार्केट में स्मार्टफोन लॉन्च हो जाता है, तो लोग सबसे पहले इसे जरुर खरीदते हैं। लेकिन आपने कभी सुना है कि लॉन्च से पहले ही स्मार्टफोन की ब्रिकी शुरु हो गई है। बता दें कि, Samsung Galaxy S26 Series का टॉप मॉडल Galaxy S26 Ultra मार्केट में बिक्री के लिए उपलब्ध है। ऐसा एक फेमस यूटबर कह रहे हैं। KaroulSahil कह रहे हैं। उन्होंने लॉन्च पहले ही फोन खरीद लिया है। यूट्यूबर ने बताया कि मार्केट में लॉन्च से पहले ही Samsung Galaxy S26 Ultra फोन का स्टॉक आ गया है और वे इसे खरीद रहे हैं। आपको बता दें कि, Samsung Galaxy Unpacked इवेंट इस 25 फरवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है। इसमें Galaxy S26 Series के तीन स्मार्टफोन लॉन्च किए गए है। आइए आपको इसकी कीमत बताते हैं।

**दुबई के इस मार्केट में मिल रहा फोन**

एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में करौल साहिल ने बताया कि वे दुबई के डेरा मार्केट पहुंचे हैं, जहां दावा किया जा रहा है कि Galaxy S26 Ultra आधिकारिक लॉन्च से पहले ही मिल रहा है। वीडियो में उन्होंने वहां मौजूद सैमसंग स्टोर की झलक दिखाई और कहा कि जब फोन पहले से उपलब्ध है तो क्यों न इसे लॉन्च से पहले ही खरीदकर देखा जाए और इसकी खूबियों को परखा जाए।

**3 लाख रुपये में मिल रहा है फोन**

इसके बाद एक डिलीवरी बॉय उसको फोन देता है। वे फिर पूछते हैं क्या यह ओरिजनल गैलेक्सी ए26 अल्ट्रा है तो डिलीवरी बॉय हां बोलता है। जब इसकी कीमत पूछते हैं, तो वह 12000 dirhams यानी लगभग 2,96,595 रुपये बताता है। इसके बाद उन्होंने दुबई करेंसी नहीं बल्कि डिलीवरी वाले को 3300 डॉलर देकर फोन ले लिया।

**सिल्वर कलर का फोन कर रहे इस्तेमाल**

फोन का पैकेजिंग बॉक्स पूरी तरह असली जैसा प्रतीत होता है। यूट्यूबर के एक्स अकाउंट पर इससे जुड़ी कई अन्य वीडियो भी दिखाई दे रही हैं, जिनमें वह डिवाइस को चलाते और उसकी विशेषताएं दिखाते नजर आ रहे हैं। तस्वीरों और क्लिप्स में इसका सिल्वर रंग वाला मॉडल नजर आता है। डिवाइस के बाईं ओर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें तीन कैमरा सेंसर शामिल हैं। कुल मिलाकर इसके डिजाइन में कोई बड़ा बदलाव साफ तौर पर दिखाई नहीं देता।

**25 फरवरी को लॉन्च होगा फोन**

इसका मतलब यह है कि फोन लॉन्च होने से पहले ही इसे दुबई में खरीदा जा सकता जा सकता। कंपनी ने 25 फरवरी को ऑफिशियल सीरीज अनाउंस कर देगी। इवेंच रात 11.30 बजे शुरु होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग कंपनी के यूट्यूब चैनल पर होगी। अभी से सीरीज के प्री-ऑर्डर शुरु हो चुके हैं। अब आप फोन्स को कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जमकर प्री-रिजर्व कर सकते हैं।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
काशी रत्न काशी भूषण
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone Pokhraj stone Panna stone Manik stone Moonga stone Opal stone Lahsuniya stone Firoza stone Gomed Stone Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
1 Mukhi Rudraksh 7 Mukhi Rudraksh Trijugi Rudraksh 9 Mukhi Rudraksh 12 Mukhi Rudraksh 14 Mukhi Rudraksh 21 Mukhi Rudraksh Ganesh Rudraksh Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170